## BPSC (PT) 46 (2004)

1. ईसा पूर्व छठी सदी में विश्व की प्रथम गणतंत्रात्मक व्यवस्था कहाँ थी?
   (a) वैशाली (b) एथेन्स
   (c) स्पार्टा (d) पाटलिपुत्र
2. चीनी यात्री ह्वेनसांग ने किस विश्वविद्यालय में अध्ययन किया था?
   (a) तक्षशिला (b) विक्रमशिला
   (c) मगध (d) नालन्दा
3. जिसके ग्रंथ में चन्द्रगुप्त मौर्य का विशिष्ट रूप से वर्णन हुआ है वह है-
   (a) भास (b) शूद्रक
   (c) विशाखदत्त (d) अश्वघोष
4. वह स्त्रोत जिसमें पाटलिपुत्र के प्रशासन का वर्णन उपलब्ध है, वह है-
   (a) दिव्यावदान (b) अर्थशास्त्र
   (c) इण्डिका
   (d) अशोक के शिलालेख
5. तृतीय बौद्ध संगीति कहाँ आयोजित हुई?
   (a) वत्स (b) पाटलिपुत्र
   (c) कौशाम्बी (d) कश्मीर
6. किस शासक द्वारा सर्वप्रथम पाटलिपुत्र का राजधानी के रूप में चयन किया गया?
   (a) आजातशत्रु द्वारा (b) कालाशोक द्वारा
   (c) उदयन द्वारा (d) कनिष्क द्वारा
7. अशोक के शिलालेखों में प्रयुक्त भाषा है-
   (a) संस्कृत (b) प्राकृत
   (c) पालि (d) हिन्दी
8. निम्नलिखित में से किस मौर्य राजा ने दक्कन की विजय प्राप्त की थी?
   (a) अशोक (b) चन्द्रगुप्त
   (c) बिन्दुसार (d) कुणाल
9. मेगास्थनीज ने भारतीय समाज को कितनी श्रेणियों में विभाजित किया?
   (a) चार (b) पाँच
   (c) छः (d) सात
10. सोलह महाजनपदों की सूची उपलब्ध है-
   (a) महाभारत में (b) अंगुत्तर निकाय में
   (c) छान्दोग्य उपनिषद में (d) संयुक्त निकाय में
11. अर्थशास्त्र के अनुसार 'सीता' भूमि का अभिप्राय है-
   (a) न जोती जाने वाली अनुपयोगी भूमि
   (b) ब्राह्मणों के स्वामित्व वाली भूमि
   (c) जनजातियों द्वारा जोती जाने वाली भूमि
   (d) वनीय भूमि
12. हड़प्पा में एक उन्नत जल प्रबंधन प्रणाली का पता चलता है-
   (a) धौलावीरा में (b) लोथल में
   (c) कालीबंगन में (d) आलमगीरपुर में
13. "जब उसने राजत्व (Kingship) प्राप्त किया तो वह शरियत के नियमों और आदेशों से पूर्णतया स्वतंत्र था", बरुनी ने यह कथन किस सुल्तान के लिये कहा?
   (a) इल्तुतमिश (b) बलबन
   (c) अलाउद्दीन खिलजी (d) मुहम्मद तुगलक
14. मुगल प्रशासन में 'मदद-ए-माश' इंगित करता है-
   (a) चुंगी कर
   (b) विद्वानों को दी जानेवाली राजस्व मुक्त अनुदत्त भूमि
   (c) सैन्य अधिकारियों को दी जानेवाली पेंशन
   (d) बुवाई कर
15. 'दास्तान-ए-अमीर हम्जा' का चित्रांकन किसके द्वारा किया गया?
   (a) अब्दुस समद (b) मंसूर
   (c) मीर सैय्यद अली (d) अबुल हसन
16. सल्तनत काल में भू-राजस्व का सर्वोच्च ग्रामीण अधिकारी था-
   (a) चौधरी (b) रावत
   (c) मलिक (d) पटवारी
17. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?
   (a) महात्मा गांधी
   (b) सुभाषचन्द्र बोस
   (c) जयप्रकाश नारायण
   (d) बाल गंगाधर तिलक
18. त्रावणकोर में कांग्रेस ने त्रावणकोर राज्य के जिस दीवान की स्वेच्छाचारी सरकार के विरुद्ध सविनय अवज्ञा आंदोलन आरंभ किया था, वे थे-
   (a) सी. पी. रामास्वामी अय्यर
   (b) जे. कृष्णास्वामी
   (c) पी. के. वारियार
   (d) भास्करन नायर

Drishti IAS

19. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 1937 का अधिवेशन बिहार के इस शहर में हुआ-
(a) हरिपुरा (b) फैजपुर
(c) राँची (d) भागलपुर

20. 'झण्डा गीत' किसने लिखा है?
(a) रविन्द्रनाथ टैगोर (b) बंकिमचन्द्र चटर्जी
(c) मैथिलीशरण गुप्त (d) श्यामलाल गुप्त पार्षद

21. किसने कहा था "स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और में इसे लेकर रहूँगा ?
(a) महात्मा गांधी (b) विपिनचन्द्र पाल
(c) गोपालकृष्ण गोखले (d) बाल गंगाधर तिलक

22. किस घटना के कारण गांधी जी ने असहयोग आंदोलन वापस लिया था?
(a) काकोरी काण्ड
(b) चौरी-चौरा काण्ड
(c) जलियांवाला बाग काण्ड
(d) मुजफ्फरपुर काण्ड

23. विश्व में शांति और आपसी सहयोग स्थापित करने के लिये नेहरू जी ने कौन-सा सिद्धांत प्रस्तुत किया?
(a) गुटनिरपेक्षता
(b) पंचशील
(c) शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व
(d) इनमें से कोई नहीं

24. 'सर्वोदय' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था?
(a) महात्मा गांधी
(b) पंडित नेहरू
(c) विनोबा भाव
(d) जयप्रकाश नारायण

25. पूना समझौते का उद्देश्य था-
(a) हिन्दू-मुस्लिम एकता
(b) दलित वर्ग को प्रतिनिधित्व
(c) राजाओं को विशेषधिकार देना
(d) द्वैध शासन पर पुनर्विचार करना।

26. 1927 ई. की बटलकर कमेटी का उद्देश्य था-
(a) भारतीय सेना का आधुनिकीकरण करना
(b) भारतीय कृषि का आधुनिकीकरण करना
(c) राष्ट्रीय समाचार-पत्रों पर सेन्सर लागू करना
(d) भारत सरकार तथा देशी राज्यों के मध्य संबंधों को सुधारना

27. 18वीं सदी में बंगाल में वस्त्र उद्योग के पतन के लिये उत्तरदायी कारण था-
(a) उत्पादन की गुणवत्ता में कमी
(b) कच्चे माल की अनुपलब्धता
(c) ब्रिटेन को निर्यात करने वाले माल पर उच्च तट कर
(d) कारीगरों की अनुपलब्धता

28. अंग्रेजों द्वारा भारतीयों को 1947 ई. में सत्ता हस्तांतरित किये जाने के समय कांग्रेस अध्यक्ष कौन था?
(a) जवाहरलाल नेहरू (b) राजेन्द्र प्रसाद
(c) अबुल कलाम आजाद (d) जे. बी. कृपलानी

29. बंगाल 1905 ई. में विभाजित हुआ, जिसके विरोध के फलस्वरूप यह दुबारा विभाजित हुआ-
(a) 1906 ई. में (b) 1916 ई. में
(c) 1911 ई. में (d) 1909 ई. में

30. निम्नलिखित में से एक ने युद्ध के समय भारत की रक्षा के कानून के प्रावधानों को, जिसे 1915 ई. में पंजाब में गदर के विरुद्ध इस्तेमाल किया गया था, शांति के समय भी जारी रखना चाहा था-
(a) लॉर्ड कारमाइकल
(b) सर रेजिनाल्ड क्रैडॉक
(c) लॉर्ड हार्डिंग
(d) विलियम बैंटिंक

31. अमृतसर के जलियांवाला बाग में भीड़ का दमन हुआ-
(a) 1 जून, 1918
(b) 13 अप्रैल, 1919
(c) 14 अप्रैल, 1920
(d) 6 जुलाई, 1921

32. लंदन में द्वितीय गोलमेज सम्मेलन की असफलता इनकी छत्रछाया में हुआ-
(a) इमरसन-गांधी समझौता
(b) हैले-गांधी समझौता
(c) इर्विन-गांधी समझौता
(d) गांधी-साइमन समझौता

33. सन् 1932 में निम्नलिखित में से एक आदेश पारित करके अखिल भारतीय कांग्रेस समिति को गैर कानूनी करार दे दिया गया था, यह आदेश है-
(a) गैर-कानूनी संघ अध्यादेश
(b) शांति कानून का उल्लंघन
(c) कार्यपालक अधिकार अध्यादेश
(d) वायसराय का विशेष आदेश

34. स्वाधीनता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी के करीबी अंग्रेज मित्र थे-
   (a) रेवण्ड थॉमस मूर
   (b) ए. ओ. ह्यूम
   (c) रेवरण्ड चार्ली एन्ड्र्यूज
   (d) विलियम वावेल

35. प्रथम भारतीय जिन्होंने स्वाधीन भारत में गवर्नर जनरल का पदभार ग्रहण किया था-
   (a) जमनालाल बजाज
   (b) सी. राजगोपालाचारी
   (c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
   (d) एम. ए. आंसारी

36. इलाहाबाद में सम्पन्न कांग्रेस कार्यकारिणी समिति की बैठक (अप्रैल-मई,1947) में निम्नलिखित सदस्यों में से एक सदस्य भारत के नाजीवाद, फासीवाद तथा साम्राज्यवाद विरोधी निश्चित रूख के कारण जापान के विरुद्ध गुरिल्ला युद्ध की अपनी योजना के पक्ष में बहुमत जुटाने में सक्षम हुए वे थे-
   (a) सुभाषचन्द्र बोस   (b) सरोजिनी नायडू
   (c) मौलाना आजाद   (d) जवाहरलाल नेहरू

37. महात्मा गांधी का मानना था कि द्वितीय विश्वयुद्ध में भागीदारी का मतलब निम्नलिखित सिद्धांत का उल्लंघन होगा-
   (a) न्याय   (b) समानता
   (c) समाजवाद   (d) अहिंसा

38. सन् 1935 के विधेयक के तहत गठित संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष थे जिसके परिणामस्वरूप भारत सरकार कानून 1935 निर्मित हुआ-
   (a) लॉर्ड लिनलिथगो   (b) जेम्स मैक्डोनाल्ड
   (c) विंस्टन चर्चिल   (d) क्लीमेंट एटली

39. 1906 में मिन्टों से शिमला में मिले मुसलमानों के शिष्टमंडल ने प्रार्थना की-
   (a) मुसलमानों के लिये पृथक निर्वाचक वर्ग
   (b) संयुक्त निर्वाचक वर्ग के लिये
   (c) हिन्दुओं को अधिक प्रतिनिधित्व देने के लिये
   (d) मुसलमानों को मनोनयन द्वारा विशेष प्रतिनिधित्व देने के लिये

41. नागरिक सेवाओं के लिये प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली को सिद्धांतत: स्वीकार किया गया-
   (a) 1833 ई. में
   (b) 1853 ई. में
   (c) 1858 ई. में
   (d) 1882 ई. में

42. विश्व के 80% सक्रिय ज्वालामुखी निम्नलिखित में से किन पेटियों में पाए जाते हैं?
   1. अन्ध महासागरीय पेटी
   2. मध्य - महाद्वीपीय पेटी
   3. परि-प्रशांत पेटी
   4. हिन्द महासागरीय पेटी

   **कूट:**
   (a) 2 और 3   (b) 1 और 3
   (c) 3 और 4   (d) 1 और 2

43. विश्व के विशालतम स्वर्ण क्षेत्र दक्षिण अफ्रीका के निम्नलिखित में से कौन-सी पर्वत श्रेणियों में अवस्थित है?
   (a) रोगेवेल्डबर्ग   (b) ग्रूट स्वार्टबर्ग
   (c) विटवाटर्सरैण्ड   (d) ड्रैकेन्सबर्ग

44. विश्व में अधिकतम संभाव्य जलशक्ति वाले कतिपय नदी बेसिन है-
   (a) कांगो, कोलम्बिया, यांग्टसी
   (b) कांगो, अमेजन, नर्मदा
   (c) कोलोरेडो, नर्मदा, सेण्ट लॉरेन्स
   (d) नील, अमेजन, ओब

45. निम्नलिखित में से कौन-से प्रमुख समूहन में हमें विश्व की दो-तिहाई जनसंख्या का मधुमक्खी छत्ते की भाँति संकेन्द्रण देखने को मिलता है?
   (a) पूर्वोत्तर सं.रा. अमेरिका
   (b) मध्य यूरोप
   (c) दक्षिण-पूर्व एशिया
   (d) पश्चिमोत्तर यूरोप

46. भारत अवस्थित है-
   (a) अक्षांश 8º4' द. से 37º6' उत्तर तथा देशांतर 68º7' प. से 97º25' पू. के मध्य
   (b) अक्षांश 8º4' द. से 37º6' उत्तर तथा देशांतर 68º7' पू. से 97º25' प. के मध्य
   (c) अक्षांश 8º4' उत्तर से 37º6' उत्तर तथा देशांतर 68º7' पू. से 97º25' पू. के मध्य
   (d) अक्षांश 8º4' द. से 37º6' उत्तर तथा देशांतर 68º7' पं. से 97º25' प. के मध्य

47. हिमालय काटकर एवं बहकर आने वाली नदियाँ है-
   (a) सतलज, सिन्धु गंगा
   (b) ब्रह्मपुत्र, सतलज, सिन्धु
   (c) ब्रह्मपुत्र, सिन्धु, गंगा
   (d) सतलज, ब्रह्मपुत्र, यमुना

Drishti IAS

48. भारत में **सूची-I** (वन प्रकारों) को **सूची-II** (प्रदेशों) से सह-संबंधित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

**सूची-I (वन प्रकार)**

A. उष्णकटिबंधीय सदाबहार

B. मानसून

C. शीतोष्ण

D. कच्छ (मैंग्रोव)

**सूची- II (प्रदेश)**

1. छोटानागपुर पठार, शिवालिक
2. शिलांग पठार, सह्याद्रि
3. पश्चिम बंगाल, तराई
4. पूर्वी और पश्चिमी हिमालय, नीलगिरी

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

49. भारत के मत्स्य संसाधनों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. मत्स्य उत्पादन में भारत का विश्व में छठा स्थान है तथा अन्त: स्थलीय मत्स्य उत्पादन में दूसरा।
2. भारत के पास गहन सागरीय मत्स्य हेतु 20 लाख वर्ग कि.मी. का अनन्य आर्थिक क्षेत्र मौजूद है जो तट से 320 किमी. तक समुद्र में विस्तीर्ण है।
3. भारत के सकल घरेलू उत्पाद में मत्स्य व्यवसाय का योगदान लगभग 1% है।
4. भारत का वर्तमान वार्षिक मत्स्य उत्पादन लगभग 30 मिलियन टन है, जिसका 60 प्रतिशत से अधिक निर्यात कर दिया जाता है।

इन कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) 1 तथा 2 (b) 2 तथा 4

(c) 3 तथा 4 (d) 1, 2, तथा 3

50. भारत में ताम्र-स्वर्ण-लोहा-कोयला निम्नलिखित में से किस वर्ग के स्थानों से क्रमबद्ध है?

(a) खेतड़ी-कोलार-कुद्रेमुख-झरिया

(b) कोलार-खेतड़ी-कुद्रेमुख-झरिया

(c) झरिया-कोलार-कुद्रेमुख-खेतड़ी

(d) खेतड़ी-कुद्रेमुख-कोलार-झरिया

51. भारत की जनसंख्या कब 100 करोड़ की हो गई?

(a) मई, 2000 में (b) मई, 2001 में

(c) मई, 2002 में (d) मई, 2003 में

52. किस राज्य की अन्य देशों से भौगोलिक सीमाएँ नहीं जुड़ी हुई है?

(a) राजस्थान (b) पंजाब

(c) बिहार (d) हरियाणा

53. डॉ. मनमोहन सिंह के लिये कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) भारत के पूर्व वित्त मंत्री

(b) आर. बी. आई. के पूर्व गवर्नर

(c) यू. जी. सी. के पूर्व अध्यक्ष

(d) आई. एम. एफ. के पूर्व भारतीय प्रतिनिधि

54. भारतीय संविधान में निम्नलिखित पदों का कौन-सा क्रम सही है?

(a) भारत के मुख्य न्यायाधीश- मुख्य चुनाव आयुक्त-राज्यों के मुख्यमंत्री-राज्यों के राज्यपाल

(b) राज्यों के राज्यपाल-भारत के मुख्य न्यायाधीश-राज्यों के मुख्यमंत्री-मुख्य चुनाव आयुक्त

(c) राज्यों के राज्यपाल-राज्यों के मुख्यमंत्री भारत के मुख्य न्यायाधीश-मुख्य चुनाव आयुक्त

(d) भारत के मुख्य न्यायाधीश-राज्यों के राज्यपाल-मुख्य चुनाव आयुक्त-राज्यों के मुख्यमंत्री

55. भारत के राष्ट्रपति को विशिष्ट केन्द्र-राज्य राजकोषीय संबंधों के बारे में सुझाव किसके द्वारा दिया जाता है?

(a) वित्त मंत्री (b) भारतीय रिजर्व बैंक

(c) योजना आयोग (d) वित्त आयोग

56. योजना आयोग के उपाध्यक्ष कौन हैं?

(a) श्री. के. सी. पंत

(b) डॉ. मोन्टेक सिंह अहलूवालिया

(c) डॉ. सी. रंगराजन

(d) डॉ. बिमल जालान

57. चौदहवीं लोक सभा में कितनी महिला सांसद हैं?

(a) 44 (b) 62

(c) 54 (d) 56

58. धन विधेयक के लिये किसकी पूर्व स्वीकृति आवश्यक है?

(a) प्रधानमंत्री

(b) वित्त मंत्री

(c) भारत के राष्ट्रपति

(d) किसी की भी नहीं

59. वह कौन-सी सभा है जिसका अध्यक्ष उस सदन का सदस्य नहीं होता है?

(a) लोक सभा (b) राज्य सभा

(c) विधान सभा (d) विधान परिषद

Drishti IAS

60. संविधान के 73 वें संशोधन का सम्बन्ध किससे है?
   (a) नगरपालिका निगम
   (b) मकान किराया अधिनियम
   (c) पंचायती राज अधिनियम
   (d) सांसदों के वेतन एवं महँगाई भत्ते में वृद्धि

61. लोक सभा की कार्यवाही में भाग लेने का अधिकारी कौन नहीं होता है?
   (a) भारत का महालेखा परीक्षक एवं नियंत्रक
   (b) भारत का एटार्नी जनरल (महान्यायवादी)
   (c) सॉलिसिटर जनरल (महान्यायाधिकर्ता)
   (d) भारत के राष्ट्रपति का सचिव

62. किस संशोधन में 'समाजवादी', 'धर्मनिरपेक्षता' और 'राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता' शब्द भारतीय संविधान में जोड़े गए थे?
   (a) 42वाँ संशोधन (b) 44वाँ संशोधन
   (c) 52वाँ संशोधन (d) इनमें से कोई नहीं

63. कौन-सी लोकसभा के चुनाव चार चरणों में हुए?
   (a) 11वीं (b) 12वीं
   (c) 13वीं (d) 14वीं

64. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 का संबंध किससे है?
   (a) जम्मू एवं कश्मीर राज्य से
   (b) अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण से
   (c) पंजाब एवं हरियाणा राज्य से
   (d) कर्नाटक एवं तमिलनाडु राज्य से

65. निम्नलिखित में से कौन लगातार दो बार राष्ट्रपति रहे थे?
   (a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
   (b) डॉ. एस. राधाकृष्णन
   (c) डॉ. जाकिर हुसैन
   (d) (a) और (b) दोनों

66. असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये किस उद्देश्य से सामाजिक सुरक्षा योजना शुरू की गई है?
   (a) वृद्धावस्था पेंशन (b) स्वास्थ्य बीमा
   (c) व्यक्तिगत दुर्घटना (d) इनमें से सभी

67. 12वें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन हैं?
   (a) प्रो. डी. टी. लकड़वाला
   (b) डॉ. सी. रंगराजन
   (c) श्री दिग्विजय सिंह
   (d) श्री. के. सी. पंत

68. अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग में किसे तीसरे स्तंभ के रूप में जाना जाता है?
   (a) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष
   (b) विश्व बैंक
   (c) विश्व व्यापार संगठन
   (d) गैट

69. मिलेनियम विकास लक्ष्य में किसे शामिल नहीं किया गया है?
   (a) निर्धनता एवं भूख को समाप्त करना
   (b) सर्वव्यापी प्राथमिक शिक्षा की प्राप्ति
   (c) लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना
   (d) दो अंकों वाली वृद्धि दर की प्राप्ति

70. संयुक्त राष्ट विकास कार्यक्रम (UNDP) के अंतर्गत "भारत में मानव विकास सूचकांक" बनाने के लिये किसे एक घटक (अवयव) के रूप में नहीं लिया गया है?
   (a) अमेरिकी डॉलर में प्रति व्यक्ति वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) को
   (b) साक्षरता दर को
   (c) जन्म पर जीवन प्रत्याशा आयु को
   (d) शिशु मृत्यु दर को

71. प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना का कौन अवयव नहीं है?
   (a) प्राथमिक शिक्षा
   (b) प्राथमिक स्वास्थ्य
   (c) पोषण
   (d) ग्रामीण सड़क

72. निम्नलिखित कथनों पर ध्यान दीजिये-
   **कथन (A) :** भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की चौदह तेल शोधनशालाओं में से सात तट-स्थित हैं।
   **कारण (R) :** तटीय एवं अपतटीय तेल क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में कच्चा तेल प्राप्त होता है।
   (a) (A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण करता है।
   (b) (A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
   (c) (A) सही है किन्तु (R) गलत है।
   (d) (A) गलत है किन्तु (R) सही है।

73. कौन-सा आर्थिक अधिसंरचना (Economic Infrastructure) में नहीं आता है?
   (a) सड़कें (b) रेलवे
   (c) शिक्षा एवं स्वास्थ्य (d) ऊर्जा

Drishti IAS

74. सामाजिक अधिसंरचना में किसे शामिल नहीं किया गया है?
(a) शिक्षा (b) स्वास्थ्य
(c) तार-संचार (दूर-संचार) (d) आवास

75. भारत में 'कोर उद्योग' क्या है?
(a) विद्युत (b) कोयला
(c) पेट्रोलियम पदार्थ (d) इनमें से सभी

76. दसवीं योजना की अवधि क्या है?
(a) वर्ष 2002 से 2007
(b) वर्ष 2000 से 2005
(c) वर्ष 1999 से 2003
(d) इनमें से कोई नहीं

77. पीतल के बर्तनों को कलई करते समय, गरम बर्तन की सफाई के लिये प्रयोग किये जाने वाले अमोनियम क्लोराइड चूर्ण से निकलने वाला धुआँ है-
(a) अमोनिया का
(b) कार्बन मोनोऑक्साइड का
(c) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का
(d) अमोनिया और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का

78. जस्ता का एक आयतन भाग (घनत्व 7100 किग्रा/मीटर$^3$) को दो आयतन भाग तांबा (घनत्व 8900 किग्रा/मीटर$^3$) से मिलाने पर पीतल बनता है, पीतल का घनत्व है-
(a) 8000 किग्रा/मीटर$^3$
(b) 8300 किग्रा/मीटर$^3$
(c) 9500 किग्रा/मीटर$^3$
(d) 9800 किग्रा/मीटर$^3$

79. निम्नलिखित में कौन-सी विटामिन की खून के जमने (Clotting of blood) में आवश्यकता होती है?
(a) विटामिन-A (b) विटामिन-C
(c) विटामिन-E (d) विटामिन-K

80. अल्कोहलिक खमीरन (Fermentation) का आखिरी उत्पाद क्या है?
(a) पाइरूविक एसिड
(b) एसीटेल्डिहाइड
(c) इथाइल अल्कोहल
(d) फॉर्मिक अम्ल

81. निम्नलिखित में से कौन-सा हॉर्मोन है?
(a) आर. एन.ए.
(b) इनकर्टेज
(c) इन्सुलिन
(d) एस्कॉर्बिक अम्ल

82. हाइड्रोक्लोरिक एसिड काँच की बोतल में नहीं रखा जाता क्योंकि यह अभिक्रिया करता है-
(a) दृश्य प्रकाश से
(b) काँच की सोडियम ऑक्साइड से
(c) काँच की एल्युमिनियम ऑक्साइड से
(d) काँच की सिलिकॉन डाइऑक्साइड से

83. वायु में थोड़ी देर रखने पर किसी धातु के ऊपर हरे रंग के बेसिक कार्बोनेट की परत जम जाती है, तो धातु है-
(a) तांबा (b) चांदी
(c) निकेल (d) जस्ता

84. कच्चे फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिये प्रयोग में लाई जाने वाली गैस का नाम है-
(a) अमोनिया
(b) एसीटिलीन
(c) कार्बन मोनो ऑक्साइड
(d) एथिलीन

85. विस्फोटक नाइट्रोग्लिसरीन है एक
(a) नमक (b) नाइट्रोहाइड्रोकार्बन
(c) सम्मिश्र हाइड्रोकार्बन (d) एस्टर

86. विकास का कारण है-
(a) फौसिल पदार्थ
(b) जीने के लिये संघर्ष
(c) पीढ़ी-से-पीढ़ी अनुकूलन
(d) वंशागति (Inheritance)

87. जस्ता से एक बर्तन पर विद्युत-लेपन की विधि में-
(a) बर्तन को ऋण ध्रुव बनाया जाता है।
(b) शुद्ध जस्ता को धन ध्रुव बनाया जाता है।
(c) बर्तन को ऋण ध्रुव और शुद्ध जस्ता को धन ध्रुव बनाया जाता है।
(d) बर्तन को धन ध्रुव और जस्ता को ऋण ध्रुव बनाया जाता है।

88. वायु में कौन-सी नोबल गैस नहीं होती?
(a) हीलियम (b) नियॉन
(c) आर्गन (d) रेडॉन

89. क्लोरोफिल में कौन-सी नोबल गैस नहीं होती?
(a) लोहा (b) मैग्नेशियम
(c) जस्ता (d) कोबाल्ट

90. निम्नलिखित में से कौन-सा मनुष्य में अवशेषी अंग नहीं है?
(a) निक्टीटेटिंग परदा
(b) कर्णपालि की कर्णाभ मांशपेशियाँ
(c) सामने वाले चपटे दाँत (कृन्तक)
(d) वर्मीफार्मी अपैंडिक्स


Drishti IAS

91. शुष्क बर्फ क्या होती है?
(a) ठोस बर्फ
(b) ठोस कार्बन डाइऑक्साइड
(c) ठोस अमोनिया
(d) ठोस सल्फर डाइऑक्साइड

92. शक्करों में सबसे मीठी है-
(a) फ्रुक्टोज (b) ग्लूकोज
(c) सुक्रोज (d) लैक्टोज

93. आप एक लिफ्ट में खड़े हैं, लिफ्ट के फर्श पर आप के भार द्वारा लग रहा बल-
(a) लिफ्ट के 9.8 मी./से$^2$ के त्वरण से ऊपर जाते समय शून्य होगा।
(b) लिफ्ट के 9.8 मी./से$^2$ के त्वरण से नीचे आते समय शुन्य होगा।
(c) लिफ्ट के 9.8 मी./से$^2$ के त्वरण से किसी भी दिशा में जाते समय शून्य होगा।
(d) लिफ्ट के त्वरण की दर बदलने से प्रभावित नहीं होगा।

94. आमतौर पर सुरक्षा फ्यूज लगाने के लिये प्रयोग होने वाली तार किस पदार्थ की बनी होती है।
(a) टिन
(b) सीसा
(c) निकेल
(d) टीन और सीसे का एक मिश्रधातु

95. जब एक पत्थर को चाँद की सतह से पृथ्वी पर लाया जाता है तो-
(a) इसका द्रव्यमान बदल जाएगा
(b) इसका भार बदल जाएगा परन्तु द्रव्यमान नहीं
(c) भार और द्रव्यमान दोनों बदल जाएंगे
(d) न द्रव्यमान और न ही भार बदलेंगे

96. रेखा $x - y = 0$ को स्पर्श करने वाला तथा वृत्त $x^2 + y^2 - 6x - 2y - 3 = 0$ के संकेन्द्रीय वृत्त की त्रिज्या है-
(a) $\sqrt{2}$ (b) $\frac{1}{\sqrt{2}}$
(c) 1 (d) 2

97. माना आव्यूह
$A = \begin{bmatrix} 1 & -1 \\ 2 & 2 \end{bmatrix}, B = \begin{bmatrix} 1 & \alpha \\ \beta & 1 \end{bmatrix}$
यदि $(A + B)(A - B) = A^2 - B^2$ हो तो
(a) $\alpha = \beta = -1$ (b) $\alpha = \beta = 0$
(c) $\alpha = \beta = 1$ (d) $\alpha = 1, \beta = -1$

98. यदि समीकरण $x^2 + 11x + 50 = 0$ के मूल $a$ तथा $b$ है तो $\frac{\alpha}{\beta}.\frac{\beta}{\alpha}$ बराबर हैं-
(a) 0.21 (b) 0.42
(c) 0.84 (d) 1.0

99. यदि फलन $f(x) = x + 1$ तथा $g(x) = x^2 - 3$ हो तो $\frac{g\{f(-1)\}}{f\{g(-1)\}}$ बराबर है-
(a) 0 (b) 1
(c) 2 (d) 3

100. समीकरण $|x|2 - 3|x| + 2 = 0$ के हलों की संख्या है-
(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

101. यदि वृत्त की त्रिज्या को 1 इकाई बढ़ा दिया जाए तो उसका क्षेत्रफल दोगुना हो जाता है। वृत्त की त्रिज्या है-
(a) $2\sqrt{2}$ (b) $\sqrt{2}(\sqrt{2} - 1)$
(c) $\sqrt{2} - 1$ (d) $\sqrt{2} + 1$

102. श्रेणी $\sum \frac{\text{In}.2^n}{n^n}$
(a) अभिसारी (Convergent)
(b) अपसारी (Divergent)
(c) अभिसारी एवं अपसारी
(d) इनमें से कोई नहीं

103. यदि $f(x) = \frac{x-5}{x+5}, x \neq -5$ तो $F^1(x)$ का प्रान्त है-
(a) R (b) R – (1)
(c) $(-\infty, 1)$ (d) $(1, \infty)$

104. $\lim_{x \to 0^+} \frac{1}{1 - e^{-1/x}}$ का मान है-
(a) 1 (b) 0
(c) $-\infty$ (d) $\infty$

105. यदि $x = a\cos\theta + b\sin\theta$ तथा $y = a\sin\theta - b\cos\theta$ हो तो $x2 + y^2$ बराबर है-
(a) $a^2 - b^2$ (b) $b^2 - a^2$
(c) $a^2 + b^2$ (d) $a^2 + 2ab$

106. बिहार 'महान धार्मिक केन्द्र' है-
(a) सिक्खों के लिये
(b) जैनों के लिये
(c) बौद्ध धर्मावलम्बियों के लिये
(d) इन सभी के लिये

107. झारखण्ड बिहार से कब पृथक हुआ था?
(a) 15 नवम्बर, 2000
(b) 25 अगस्त, 2000
(c) 2 अगस्त, 1998
(d) 5 जुलाई, 1997

108. बिहार में कितने विश्वविद्यालय हैं?
(a) 9 (b) 11
(c) 12 (d) 13

109. बिहार की पेंटिंग विधा कौन-सी है?
(a) मधुबनी (b) श्रीरंगम्
(c) पिछवई (d) मुगल

110. वर्तमान में बिहार के राज्यपाल कौन हैं?
(a) श्री नवल किशोर शर्मा
(b) जस्टिस एम. रामा जोइस
(c) श्री मदनलाल खुराना
(d) जस्टिस अंशुमान सिंह

111. 2001 की जनगणना के अनुसार बिहार की जनसंख्या क्या है?
(a) 85 मिलियन (b) 86 मिलियन
(c) 83 मिलियन (d) 82 मिलियन

112. बिहार विधान सभा में वर्तमान में कितने सदस्य हैं?
(a) 240 (b) 243
(c) 245 (d) 250

113. स्वतंत्रता पूर्व बिहार में निम्नलिखित में से एक वर्चस्वशाली जाति नहीं थी-
(a) भूमिहार (b) राजपूत
(c) कायस्थ (d) कुर्मी

114. बिहार में महात्मा गांधी के पूर्व सापेक्ष राष्ट्रीय सक्रियता की अनुपस्थिति इसके अभाव में देखी जा सकती है-
(a) एकीकृत समुदाय
(b) चरमपंथी समूह
(c) रचनात्मक क्षेत्रीय अधिकार
(d) वर्चस्वशाली मध्यवर्ग

115. स्वतंत्रता पूर्व बिहार में बड़े जमींदारों की राजनीतिक शक्ति बचाने का माध्यम था-
(a) राजकीय संसाधन
(b) सामाजिक स्थिति
(c) आर्थिक स्थिति
(d) संस्कृति

116. सन् 1930 में कांग्रेस का सविनय अवज्ञा आंदोलन इतना सफल हुआ कि निम्नलिखित शहरों में से एक में अंग्रेजी राज्य के चिन्ह कई महीनों तक गायब से हो गए थे-
(a) पटना
(b) साहिबगंज
(c) बरही
(d) मुजफ्फरपुर

117. बिहार प्रान्तीय किसान सभा का गठन इस सन् में हुआ था-
(a) फरवरी, 1931 (b) जनवरी, 1933
(c) मार्च, 1929 (d) अप्रैल, 1932

118. स्वतंत्रता पूर्व बिहार में समाजवादी विचारधारा के प्रसार का श्रेय जाता है-
(a) जयप्रकाश नारायण एवं बी. पी. सिन्हा की पाश्चात्य शिक्षा को
(b) अन्तर्राष्ट्रीय समाजवादी आंदोलन को
(c) कांग्रेसी कार्यकताओं की क्रांतिकारिता को
(d) ब्रिटेन की लेबर पार्टी को

119. ब्रिटिश राज में बिहार के कृषक वर्गों को निम्नलिखित श्रेणी में रखा जा सकता है-
(a) पंचमुखी वर्गीकरण
(b) चतुर्मुखी वर्गीकरण
(c) त्रिमुखी वर्गीकरण
(d) कोई वर्गीकरण नहीं

120. बिहार के भौतिक विभागों में आप निम्नलिखित में से कौन-सा सम्मिलित नहीं करेंगे?
(a) छोटानागपुर पठार (b) उत्तरी गंगा मैदान
(c) दक्षिणी गंगा मैदान (d) पूर्वी गंगा मैदान

121. बिहार में निम्नलिखित में से कौन-से समूह की नदियाँ गंगा अथवा उसकी सहायक नदियों में उत्तर की ओर से आकर मिलती है?
(a) घाघरा, कोसी, पुनपुन
(b) कोसी, महानन्दा, कर्मनाशा
(c) गंडक, कमला, बागमती
(d) सोन, कोसी, उत्तरी कोयल

122. बिहार में बांगर मिट्टी मिलती है-
(a) गया- बोधगया-पूर्वी चम्पारण-भागलपुर क्षेत्र में
(b) पूर्णिया-सहरसा-दरभंगा-मुजफ्फरपुर क्षेत्र में
(c) गया-नालन्दा-बोधगया-सासाराम क्षेत्र में
(d) पूर्वी चम्पारण-नालन्दा-गया-सासाराम क्षेत्र में

123. बिहार के विविध भौगोलिक पक्षों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. बिहार में कुल सिंचित भूमि में लगभग 37 प्रतिशत नहरों द्वारा सिंचित होती है।
2. बिहार में उत्तरी गंगा मैदान 33,620 वर्ग कि.मी. क्षेत्र में विस्तृत है।
3. किशनगंज और पश्चिमी चम्पारण बिहार में सर्वोच्च वार्षिक वर्षा प्राप्त करते हैं।
4. बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग की कुल लम्बाई 2,461 कि.मी. है।

इन कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3

(c) 2 और 4 (d) 1, 3 और 4

124. बिहार में सूची-I (खनिजों) को सूची-II (प्राप्ति स्थानों) से सहसम्बन्धित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये-

| सूची-I (खनिज) | सूची-II (प्राप्ति स्थान) |
|---|---|
| A. अभ्रक | 1. मुंगेर |
| B. स्वर्ण | 2. गया |
| C. डोलोमाइट | 3. किशनगंज |
| D. पेट्रोलियम | 4. रोहतास |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

125. बिहार में सूची-I (उद्योगों) को सूची-II (नगर) से सहसम्बन्धित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

| सूची-I (उद्योग) | सूची-II (नगर) |
|---|---|
| A. कागज | 1. डालमियानगर |
| B. सिगरेट | 2. दिलवारपुर |
| C. प्लाइवुड | 3. हाजीपुर |
| D. जूट | 4. पूर्णिया |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

126. वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से बिहार के जिलों का कौन-सा समूह जनसंख्या का सही अवरोही क्रम को दर्शाता है?

(a) पटना, पूर्वी चम्पारण, मुजफ्फरपुर, मधुबनी

(b) पूर्वी चम्पारण, पटना, मधुबनी, मुजफ्फरपुर

(c) पटना, मुजफ्फरपुर, पुर्वी चम्पारण, मधुबनी

(d) मुजफ्फरपुर, पटना, मधुबनी, पूर्वी चम्पारण

127. जनसंख्या की दृष्टि से भारत में बिहार का क्रम है-

(a) तृतीय (b) चतुर्थ

(c) पंचम (d) ग्यारहवीं

128. किस देश की सीमा बिहार राज्य से जुड़ती है?

(a) भूटान (b) नेपाल

(c) चीन (d) बांग्लादेश

129. भौगोलिक क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत में बिहार का क्रम है-

(a) दूसरा (b) चतुर्थ

(c) बारहवाँ (d) नवम्

130. 2001 की जनगणना के अनुसार बिहार में महिला साक्षरता की दर क्या है?

(a) 60.32% (b) 53%

(c) 33.57% (d) 47.53%

131. वर्तमान में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं?

(a) एन. गोपालास्वामी (b) बी.बी. टण्डन

(c) टी. एस. कृष्णामूर्ति (d) टी. एन. शेषण

132. भारत के प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह का क्रम क्या है?

(a) 7वाँ (b) 11वाँ

(c) 14वाँ (d) 16वाँ

133. वर्ष 2001 –02 तथा 2002 – 03 के दौरान भारत के कृषि -व्यापार के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. भारत के कुल आयात में कृषि आयात का योगदान लगभग 12 प्रतिशत रहा।
2. भारत के कुल कृषि आयात मूल्य में खाद्य तेलों का योगदान लगभग 62 प्रतिशत रहा ।
3. भारत के कुल निर्यात में कृषि निर्यात का योगदान लगभग 4 प्रतिशत रहा।
4. भारत के कुल कृषि-निर्यात मूल्य में समुद्री-उत्पादों का योगदान लगभग 23 प्रतिशत रहा।

इनमें से कौन-से कथन सही हैं?

(a) 2 और 4 (b) 1 और 2

(c) 2 और 3 (d) 1, 3 और 4

134. जनगणना 2001 के अनुसार भारत में लिंग अनुपात क्या है?

(a) प्रति 1000 पुरुषों पर 933 महिलाएँ

(b) प्रति 1000 पुरुषों पर 945 महिलाएँ

(c) प्रति 1000 पुरुषों पर 964 महिलाएँ

(d) प्रति 1000 पुरुषों पर 985 महिलाएँ

135. वर्तमान में भारत में कितनी महिला मुख्यमंत्री हैं?

(a) 5 (b) 3

(c) 7 (d) 4

136. भारतीय संसद पर आतंकवादी हमला कब हुआ था?
(a) 24 दिसम्बर, 1999
(b) 13 दिसम्बर, 2001
(c) 14 मई, 2002
(d) 12 जनवरी, 2002

137. 11 सितम्बर, 2001 को संयुक्त राज्य अमेरिका के किस भवन पर आतंकवादी हमला हुआ?
(a) ह्वाइट हाउस (b) केपिटॉल हिल
(c) पेंटागन (d) स्टेट डिपार्टमेन्ट

138. सं.रा. संघ के चार्टर पर हस्ताक्षर हुए थे-
(a) जेनेवा सम्मेलन में
(b) सेन फ्रांसिस्को सम्मेलन में
(c) डम्बर्टन ओक्स सम्मेलन में
(d) याल्टा सम्मेलन में

139. वर्तमान में नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) के कितने सदस्य हैं?
(a) 26 (b) 15
(c) 18 (d) 12

140. सोवियत संघ का विघटन कब हुआ था?
(a) दिसम्बर, 1989 में
(b) अगस्त, 1990 में
(c) दिसम्बर, 1991 में
(d) जनवरी, 1994 में

141. साम्यवादी चीन के वर्तमान में सर्वाधिक शक्तिशाली नेता कौन हैं?
(a) हू जिन्ताओ (b) जियांग जेमिन
(c) डेंग जिओपिंग (d) झाओं जियांग

142. अमेरिकी अंतरिक्ष यान कोलम्बिया दुर्घटनाग्रस्त हुआ-
(a) 2000 ई. में
(b) 2001 ई. में
(c) 2002 ई. में
(d) 2003 ई. में

143. सत्ता हस्तान्तरण के समय निम्नलिखित राज्यों में से एक कांग्रेस दल का पूर्ण विकसित संगठन था-
(a) हैदराबाद (b) अवध
(c) मैसूर (d) जूनागढ़

144. संयुक्त राज्य अमेरिका के इतिहास में एकमात्र अनिर्वाचित राष्ट्रपति थे-
(a) मुनरो (b) निक्सन
(c) फोर्ड (d) कार्टर

145. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का स्थायी मुख्यालय कहाँ है?
(a) दी हेग (b) जेनेवा
(c) मास्को (d) वाशिंगटन

146. हिन्द महासागर तटीय क्षेत्रीय सहयोग संगठन (हिमतक्षेस) के चार्टर पर हस्ताक्षर हुए थे-
(a) अप्रैल, 1993 को (b) मार्च, 1997 को
(c) अप्रैल, 1999 को (d) मार्च, 2002 को

147. भारत ने अपना पहला परमाणु परीक्षण कब किया था?
(a) 15 मई, 1964 (b) 18 मई, 1974
(c) 11 मई, 1989 (d) 13 मई, 1998

148. वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र संघ के कितने सदस्य हैं?
(a) 189 (b) 191
(c) 185 (d) 193

149. वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से भारतीय राज्यों का कौन-सा समूह जनसंख्या घनत्व का सही अवरोही क्रम दर्शाता है?
(a) पंजाब, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, हरियाणा
(b) तमिलनाडु, पंजाब, महाराष्ट्र, हरियाणा
(c) पंजाब, तमिलनाडु, हरियाणा, महाराष्ट्र
(d) हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, तमिलनाडु

150. शक्ति स्थल का सम्बन्ध किससे है?
(a) श्रीमति इंदिरा गांधी
(b) राजीव गांधी
(c) महात्मा गांधी
(d) पं. जवाहरलाल नेहरू

Drishti IAS